20U305S (Pages: 2) Name: ………………………

Reg. No: ……………………

THIRD SEMESTER B.A./B.Sc./B.S.W. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2021

(CUCBCSS-UG)

CC16U HN3 A09(1)/CC17U HN3 A09(1) – POETRY IN HINDI

(Hindi – Common Course)

(2016 to 2018 Admissions – Supplementary/Improvement)

Time: Three Hours Maximum: 80 Marks

I प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए ।

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए-

1. कबीरदास के गुरु कौन थे ?
   (रामानन्द, वल्लभाचार्य, विवेकानन्द, शंकराचार्य)
2. इनमें अयोध्या के कुलगुरु कौन थे ?
   (वाल्मीकि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, परशुराम)
3. सूरदास की भाषा कौन-सी है ?
   (अवधी, सधुक्कडी, व्रज, खडीबेली)
4. भूमिजा कौन है ?
   (राधा, सीता, द्रौपदी, ऊर्मिला)
5. बादल किसका प्रतीक है ?
   (क्रांती, शोषण, बारिश, पूँजीवाद)

(ख) खाली जगहों को भरिए-

6. ओढ़नी का रचनाकार ---------- है ।
7. नागार्जुन का असला नाम ----------- है ।
8. पंतजी को --------- रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ ।
9. कबीरदास की वाणी का संग्रह ----------- है ।
10. ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा का नाम ----------- है ।

(10 × 1 = 10 Marks)

II किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए -

11. पिछड़ा आदमी कैसे मारा जाता है ?
12. नदी की शुभ्र त्वचा क्यों बैंगनी हो जाती है ?
13. अहल्या कैसे पत्थर बन गयी ?
14. त्रिजटा क्यों सीता से मिलने आयी ?
15. निराला की चार रचनाओं के नाम लिखिए ।
16. कृष्ण की कृपा से लंगडा आदमी क्या कर सकता है ?
17. बारिश ने धब्बे के साथ क्या किया ?
18. गंगा को भागीरथी नाम कैसे मिल गया ?
19. साम्राज्ञी बुध्द मंदिर में खाली हाथ क्यों जाती है ?
20. लोग धब्बा देखकर क्या करते थे ?

21. विश्वमित्र अयोध्या आने का उद्देश्य क्या था ?
22. माँ ने तकिए के खोलों पर क्यों गुडलक कढवाया था ?

(10 × 2 = 20 Marks)

III किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

23. 'मोह' कविता में अभिव्यक्त भाव समझाइए ।
24. 'ओढनी' कविता की प्रतीकात्मकता क्या है ?

सप्रसंग व्याख्या कीजिए -

25. "साधू ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय ।
सार-सार को गहि रहै, थोथा देइ उड़ाय ।।"
26. "रोटी तुमको राम न देगा !
वेद तुम्हारा काम न देगा !
जो रोटी का युध्द करेगा !
वह रोटी को आप वरेगा !"
27. "नर-नारी में मर्यादा का बोध
सम-सम होंगे-सम-सम होगा न्याय
सम-सम होंगे विध्या-बुध्दि विवेक
टिक सकता है क्योंकर वहाँ प्रवाद
जाग्ररत होगी जहाँ परख की आँच ।"
28. "यातनाओं के कई हज़ार वर्ष एक साथ
जो फैले हैं इस धरती पर
ठंडे रेतकणों की तरह ।"

(4 × 5 = 20 Marks)

IV किन्हीं दो प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए -

29. 'अपराजिता' कविता में आधुनिक समाज की स्त्री मानसिकता का चित्रण किया गया है - समर्थन कीजिए ।
30. 'भूमिजा' काव्य के आधार पर सीता का चरित्र-चित्रण कीजिए ।
31. 'नदी और साबुन' कविता में पारिस्थितिक समस्याओं का चित्रण किस प्रकार किया गया है?

(2 × 15 = 30 Marks)

****